# कौटिल्य एकेडमी

www.kautilyaacademy.com IAS.IPS.MPPSC.CJ-II

/kautilyaacademy

# डेली करंट अफेयर्स

## 23 April 2024




www.kautilyaacademy.com

# भगवान महावीर का 2550वां निर्वाण महोत्सव :

- प्रधानमंत्री ने **महावीर जयंती** के अवसर पर **2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव** का उद्घाटन किया।
- इसके उपलक्ष्य में **स्मारक डाक टिकट** और **सिक्का** जारी किया गया।
- इस महोत्सव की योजना और आयोजन के लिए '**भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव समिति**' का गठन किया गया है।



➔ इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य भगवान महावीर के जीवन और उनके **अहिंसा और दयालुता के सिद्धांतों** को समर्पित करके मानवता को उनके संदेशों की महत्वपूर्णता समझाना है।

➔ जैन महावीर स्वामी सहित प्रत्येक तीर्थंकर के **पाँच कल्याणक** (प्रमुख कार्यक्रम) होते हैं : **च्यवन/गर्भ (गर्भाधान) कल्याणक; जन्म (जन्म) कल्याणक; दीक्षा (त्याग) कल्याणक; कैवल्य ज्ञान (सर्वज्ञता) कल्याणक एवं निर्वाण (मुक्ति/परम मोक्ष) कल्याणक।**



For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App*

# भगवान महावीर :

- भगवान महावीर का जन्म 540 ईसा पूर्व में **'वज्जि साम्राज्य'** में कुंडग्राम के राजा सिद्धार्थ और लिच्छवी राजकुमारी त्रिशला के यहाँ हुआ था। वज्जि संघ आधुनिक बिहार में वैशाली क्षेत्र के अंतर्गत आता है।
- भगवान महावीर **'इक्ष्वाकु वंश'** से संबंधित थे।
- ऐसे कई इतिहासकार हैं जो मानते हैं कि उनका जन्म अहल्या भूमि नामक स्थान पर हुआ था।



For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App Google Play

- बचपन में भगवान महावीर का नाम **वर्धमान** था यानी **'जो बढ़ता है'।**
- वर्धमान महावीर जैन धर्म के **24वें एवं अंतिम तीर्थंकर** थे जो **23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ (Parshvanatha) के उत्तराधिकारी** थे।
- उन्होंने **30 वर्ष की आयु में सांसारिक जीवन** को त्याग दिया और **42 वर्ष की आयु** में उन्हें **'कैवल्य'** यानी सर्वज्ञान की प्राप्ति हुई।
- महावीर को बिहार में आधुनिक राजगीर के पास पावापुरी नामक स्थान पर **468 ईसा पूर्व** में 72 वर्ष की आयु में निर्वाण (जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति) प्राप्त हुआ।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# WHO ने पहला रोगी सुरक्षा अधिकार चार्टर लॉन्च किया :

- **WHO** ने **सैंटियागो, चिली** में आयोजित रोगी सुरक्षा पर वैश्विक मंत्रिस्तरीय शिखर सम्मेलन में **रोगी सुरक्षा अधिकार चार्टर** लॉन्च किया है।



# रोगी सुरक्षा अधिकार चार्टर :

- यह सुरक्षा के संदर्भ में मरीजों के अधिकारों को रेखांकित करने वाला **पहला चार्टर** है।
- यह स्वास्थ्य देखभाल की सुरक्षा के संदर्भ में सभी रोगियों के मूल अधिकारों को रेखांकित करता है और यह सुनिश्चित करने के लिए **सरकारों** और **अन्य हितधारकों की सहायता** करना चाहता है कि रोगियों की आवाज़ सुनी जाए और सुरक्षित स्वास्थ्य देखभाल का उनका अधिकार सुरक्षित रहे।



- यह रोगी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए **आवश्यक कानून, नीतियां** और **दिशानिर्देश** तैयार करने में हितधारकों का समर्थन करेगा।
- एक मरीज के रूप में **हर किसी को, हर जगह, सुरक्षा का अधिकार** है।
- चार्टर का लॉन्च एक **सुरक्षित, अधिक न्यायसंगत दुनिया** हासिल करने की दिशा में एक ठोस कदम है।




For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* GET IT ON Google Play

# चार्टर में उल्लिखित 10 मौलिक रोगी सुरक्षा अधिकार :

1. समय पर, प्रभावी और उचित देखभाल;
2. सुरक्षित स्वास्थ्य देखभाल प्रक्रियाएँ और प्रथाएँ;
3. योग्य और सक्षम स्वास्थ्य कार्यकर्ता;
4. सुरक्षित चिकित्सा उत्पाद और उनका सुरक्षित एवं तर्कसंगत उपयोग;
5. सुरक्षित और संरक्षित स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं;

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App Google Play

6. गरिमा, सम्मान, गैर-भेदभाव, गोपनीयता और गोपनीयता;
7. सूचना, शिक्षा और समर्थित निर्णय-प्रक्रिया;
8. मेडिकल रिकॉर्ड तक पहुंचें;
9. सुनवाई और निष्पक्ष समाधान;
10. रोगी और परिवार की व्यस्तता

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# शोम्पेन जनजाति :

- अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में पहली बार विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह **(पीवीटीजी)** शोम्पेन जनजाति के **सात सदस्यों** ने इस केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया।




For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

- शोम्पेन जनजाति के सदस्यों ने न सिर्फ **'शोम्पेन हट'** नामक मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया बल्कि चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए एक कटआउट पर सेल्फी भी ली जिस पर लिखा था, **'मतदान जरूर करें।'**
- अनंतिम आँकड़ों के अनुसार, अंडमान एवं निकोबार **लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान 63.99%** था।
- हालाँकि, **वर्ष 2019 में मतदान प्रतिशत 65.09%** था।




For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# शोम्पेन जनजाति :

- ये ग्रेट निकोबार द्वीप के आंतरिक भाग के देशज लोग हैं। उन्हें अनुसूचित जनजातियों की सूची में **PVTG** के रूप में नामित किया गया है।



- शोम्पेन सबसे **अलग-थलग जनजातियों** में से एक हैं।
- **शोम्पेन** अर्द्ध-खानाबदोश शिकारी-संग्रहकर्ता हैं। उनकी आजीविका के मुख्य स्रोत शिकार करना, इकट्ठा करना, मछली पकड़ना एवं प्रारंभिक रूप में कुछ बागवानी गतिविधियाँ शामिल हैं।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App*

- **जनसंख्या :** वर्ष 2011 की जनगणना के आँकड़ों के अनुसार, शोम्पेन की अनुमानित जनसंख्या 229 थी।
- **ज्ञात भाषा :** वे अपनी भाषा बोलते हैं, जिसकी कई बोलियाँ हैं।
- **सामाजिक संरचना :** परिवार का नियंत्रण सबसे बड़े पुरुष सदस्य द्वारा किया जाता है, जो महिलाओं एवं बच्चों की सभी गतिविधियों को नियंत्रित करता है।
- एकल विवाह सामान्य नियम है, हालाँकि बहुविवाह की भी अनुमति है।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

# भारत के 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश :

- भारत के **17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश** ने **कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट** जीत कर इतिहास रच दिया। वह विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए हैं।
- उन्होंने **40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव** का कीर्तिमान भी तोड़ा। **गुकेश ने 14वें** और आखिरी दौर में **अमेरिका के हिकारू नकामूरा** से ड्रा खेला।



For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

- विश्व चैंपियन के चैलेंजर का निर्धारण करने वाले इस टूर्नामेंट में उनके **14 में से नौ अंक** आए।
- वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के **डिंग लिरेन** को चुनौती देंगे।
- विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। चेन्नई के रहने वाले गुकेश ने कास्पोरोव का कीर्तिमान भी तोड़ा। **कास्पोरोव 1984 में 22 साल** के थे, जब उन्होंने रूस के ही अनातोली कारपोव को विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चुनौती दी थी।
- वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए।



- **पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद** ने **2014** में खिताब जीता था।
- **कारुआना, नेपाम्नियाश्चि** और **नकामूरा तीनों के 8.5 अंक रहे** और वे संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे।
- **भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद सात अंक लेकर पांचवें स्थान** पर रहे, जिन्होंने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया।
- विदित गुजराती ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा से ड्रा खेला और वह छठे स्थान पर रहे। अलीरेजा सातवें और अबासोव आठवें स्थान पर रहे।
- **गुकेश ने 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर खिताब जीता था** और वह शतरंज के इतिहास में तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने। उन्होंने हांगझाउ एशियाई खेलों में रजत पदक भी जीता था।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App GET IT ON Google Play


M
C
Q
QUESTIONS

1. **वर्ष 2023 में सबसे अधिक सैन्य खर्च करने वाला देश कौन है?**

(A) अमेरिका (B) रूस
(C) यूक्रेन (D) चीन

**Ans;-अमेरिका**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

**2. FIDE कैंडिडेट टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी कौन बने हैं?**

(A) डी. गुकेश (भारत)
(B) आर.प्रग्गनानंद (भारत)
(C) हिकारू नाकामुरा (अमेरिका)
(D) निजात अबासोव (अज़रबैजान)

कौटिल्य एकेडमी

**Ans;-डी. गुकेश (भारत)**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* GET IT ON Google Play

**3. सिट्रोएन इंडिया के ब्रांड एंबेसडर कौन बने हैं?**

(A) विराट कोहली

(B) रोहित शर्मा

(C) महेंद्र सिंह धोनी

(D) दिनेश कार्तिक

**Ans;- भोपाल**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

**4. रोइंग में भारत को पहला ओलिपिक कोटा किसने प्राप्त किया है?**

(A) सोनाली स्वैन
(B) बलराज पंवार
(C) कुलविंदर सिंह
(D) अंशिका भारती

**Ans-बलराज पंवार**

कौटिल्य एकेडमी

5. **जापान की इंजीनियरिंग अकादमी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय फ़ेलोशिप से किसी सम्मानित किया गया है?**

(A) अलेक्सी नवलनी
(B) कौशिक राजशेखर
(C) लोकेश मुनि
(D) राम चरण

**Ans;-कौशिक राजशेखर**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

6. **हाल ही में चुनाव को लेकर चर्चा में रही शोम्पेन जनजाति कहां निवास करती हैं?**

(A) लक्षद्वीप
(B) केरल
(C) तमिलनाडु
(D) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह

**Ans;अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# Thank you!